भक्त तेरे बुलाये हनुमान रे

भक्त तेरे बुलाये हनुमान रे तुझे आज रे,
ओ मेरे बाला बलवान रे,
भक्त तेरे बुलाए हनुमान रे,
तुझे आज रे ओ मेरे बाला........

अटके हुए तू सारे कारज बनावे कारज बनावे,
पल में नैया पार लगावे पार लगावे,
मारुती नंदन हे दुखभंजन,
कर दो भव से पार रे,
भक्त तेरे बुलाए हनुमान रे......

माँ अंजनी के तुम हो दुलारे तुम हो दुलारे,
सियाराम को भी लगते हो प्यारे लगते हो प्यारे,
भक्तों के ही बस में आते महावीर हनुमान रे,
भक्त तेरे बुलाए हनुमान रे......

इन नैनो की प्यास बुझा दो प्यास बुझा दो,
सोए हुए मेरे भाग्य जगा दो भाग्य जगा दो,
जो भी तेरी शरण में आए कर दे मालामाल रे,
भक्त तेरे बुलाए हनुमान रे........

तेरी महिमा सब जग गावे सब जग गावे,
शोभा तेरी वर्णी ना जावे वर्णी ना जावे,
भक्ति जगाकर अमन के दिल में देना राम मिलाय रे,
भक्त तेरे बुलाए हनुमान रे.......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19441/title/bhakt-tere-bulaye-hanuman-re

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |